| |
|---|
| दिनांक 02.02.2025 |
| प्रेस विज्ञप्ति 02/2025 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**<u>जनपद बस्ती/थाना कप्तानगंज</u>**

- **पुलिस कार्यवाही में 50 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनांक 03/04.02.2025 को थाना कप्तानगंज, थाना दुबौलिया व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम सेठा के पास बदमाश की घेराबन्दी की गई तो बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त बलवीर उर्फ मुन्नर घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुए। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जो थाना कप्तानगंज पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु परिक्षेत्र स्तर से 50 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना कप्तानगंज पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1–बलवीर उर्फ मुन्नर निवासी ग्राम सेंठा थाना कप्तानगंज जनपद बस्ती।

**<u>बरामदगी</u>**

1–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

## जनपद ललितपुर/थाना पाली

- **25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त सहित 07 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के सोना–चाँदी के आभूषण**
- **04 मोबाइल फोन**
- **03 मोटर साइकिल आदि बरामद**

दिनांक 02.02.2025 को थाना पाली व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर काशीराम कॉलोनी के पास से पुरस्कार घोषित अभियुक्त 1–शिवम सहित अभियुक्त 2–राजकुमार 3–रामपाल 4–भुवनेश 5–गुड्डू 6–दिनेश 7–बालाराम को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी के सोना (36 ग्राम)–चाँदी (03 किलो 770 ग्राम) के आभूषण, 04 मोबाइल फोन, 03 मोटर साइकिल आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शिवम शातिर किस्म का अपराधी है, जो थाना पाली पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना पाली पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–शिवम निवासी ग्राम चंदेरा थाना पाली जनपद ललितपुर।

2–राजकुमार निवासी ग्राम दैलवारा थाना कोतवाली जनपद ललितपुर।

3–रामपाल निवासी ग्राम चंदेरा थाना पाली जनपद ललितपुर।

4–भुवनेश निवासी ग्राम गढौलीकलां थाना मड़ावरा जनपद ललितपुर।

5–गुड्डू निवासी ग्राम करौदा थाना महरौनी जनपद ललितपुर वर्तमान पता ग्राम खितवास थाना महरौनी जनपद ललितपुर।

6–दिनेश निवासी ग्राम चंदेरा थाना पाली जनपद ललितपुर।

7–बालाराम निवासी ग्राम खितवास थाना महरौनी जनपद ललितपुर।

**बरामदगी**

1–चोरी के सोना–चाँदी के आभूषण।

2–04 मोबाइल फोन।

3–03 मोटर साइकिल आदि।

**जनपद मुरादाबाद/थाना नागफनी**

- **25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनांक 02.02.2025 को थाना नागफनी पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर पुरस्कार घोषित अभियुक्त विनोद कुमार को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जो थाना नागफनी पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना नागफनी पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–विनोद कुमार निवासी करनपुर थाना उगहैती जनपद बदायूँ, हालपता पावर हाउस थाना चन्दौसी जनपद सम्भल।

**जनपद मीरजापुर/थाना मड़िहान**

- **15 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस बरामद**

दिनांक 02.02.2025 को थाना मड़िहान पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम रैकरा के पास से पुरस्कार घोषित अभियुक्त राजा उर्फ रिंकू को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद मीरजापुर, सोनभद्र के विभिन्न थानो में चोरी, गैंगेस्टर एक्ट, एनडीपीएस एक्ट आदि के 08 अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्त थाना मड़िहान पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 15 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना मड़िहान पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—राजा उर्फ रिंकू निवासी परसौना थाना मड़िहान जनपद मीरजापुर।

**बरामदगी**

1—01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस।

**जनपद सिद्धार्थनगर/थाना पथरा बाजार**

- **लूट की घटना का अनावरण**
- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट के 49 हजार 500 रूपये नगद**
- **02 मोबाइल फोन**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस**
- **घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल आदि बरामद**

दिनांक 02.02.2025 को थाना पथरा बाजार व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर सिसवा मोड़ के पास से 02 अभियुक्तों 1—सुमित 2—गोलू को गिरफ्तार कर लूट की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लूट के 49 हजार 500 रूपये नगद, 02 मोबाइल फोन, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस, घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 27.01.2025 को थाना पथरा बाजार क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना पथरा बाजार पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद रूपया लूट की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना पथरा बाजार पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—सुमित निवासी नेबुआ थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर।

2—गोलू निवासी बहेरिया थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर।

**बरामदगी**

1—लूट के 49 हजार 500 रूपये नगद।

2—02 मोबाइल फोन।

3—01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस।

4—घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल आदि।

## जनपद आजमगढ़/थाना सिधारी

- **चोरी की घटना का अनावरण**
- **04 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 20 लाख रूपये कीमत के चोरी के 16 डी0जे0 मशीन, 02 मूविंग लाइट, 20 मिनी स्पीकर आदि**
- **घटना में प्रयुक्त 02 चार पहिया वाहन बरामद**

दिनांक 02.02.2025 को थाना सिधारी व थाना मुबारकपुर की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर शाहगढ़ जमुड़ी बार्डर के पास से 04 अभियुक्तों 1—शेरू 2—सूरज कुमार उर्फ निरहू 3—सोनू उर्फ अन्नू 4—रितिक को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 20 लाख रूपये कीमत के चोरी के 16 डी0जे0 मशीन, 02 मूविंग लाइट, 20 मिनी स्पीकर आदि, घटना में प्रयुक्त 02 चार पहिया वाहन बरामद हुए।

उल्लखनीय है कि दिनांक 27.12.2024 को थाना सिधारी क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना सिधारी पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद डी0जे0 मशीन, लाइट, स्पीकर आदि चोरी की घटनाओं से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना सिधारी पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–शेरू निवासी ग्राम शेखपुरा थाना कोतवाली जनपद आजमगढ़।

2–सूरज कुमार उर्फ निरहू निवासी सिकरौरा थाना कोतवाली जनपद आजमगढ़।

3–सोनू उर्फ अन्नू निवासी ग्राम ओझौली थाना मुबारकपुर जनपद आजमगढ़।

4–रितिक निवासी ग्राम सलेमपुर थाना कोतवाली जनपद आजमगढ़।

**बरामदगी**

1–लगभग 20 लाख रूपये कीमत के चोरी के 16 डी0जे0 मशीन, 02 मूविंग लाइट, 20 मिनी स्पीकर आदि।

2–घटना में प्रयुक्त 02 चार पहिया वाहन।

## जनपद मेरठ/थाना दौराला

- **05 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 40 मोटर साइकिल**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस बरामद**

दिनांक 01.02.2025 को थाना दौराला व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ए टू जेड़ कॉलोनी कट के पास से 05 अभियुक्तों 1–रिजवान उर्फ पराठा 2–अदनान उर्फ भगौना 3–शादाब 4–उबैश उर्फ मामा 5–शोएब उर्फ शिब्बू को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 40 मोटर साइकिल, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिसमें अभियुक्त रिजवान उर्फ पराठा के विरूद्ध जनपद मेरठ व दिल्ली के विभिन्न थानो में चोरी, आर्म्स एक्ट आदि के 16 अभियोग, अभियुक्त अदनान उर्फ भगौना के विरूद्ध जनपद मेरठ के विभिन्न थानो में चोरी, आर्म्स एक्ट आदि के 10 अभियोग एवं अभियुक्त शोएब उर्फ शिब्बू के विरूद्ध जनपद मेरठ, बागपत के विभिन्न थानो में चोरी, धोखाधड़ी, आर्म्स एक्ट आदि के आधा दर्जन अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना दौराला पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1—रिजवान उर्फ पराठा निवासी अल्ताफ की चौक मकबरा डिग्गी थाना रेलवे रोड़ जनपद मेरठ।

2—अदनान उर्फ भगौना निवासी जली कोठी थाना देहगी गेट जनपद मेरठ।

3—शादाब निवासी महलका थाना फलावदा जनपद मेरठ।

4—उबैश उर्फ मामा निवासी हीरा बीडी वाली गली थाना देहली गेट जनपद मेरठ।

5—शोएब उर्फ शिब्बू निवासी ढ़ोलकी मोहल्ला थाना सदर बाजार जनपद मेरठ।

**<u>बरामदगी</u>**

1—चोरी की 40 मोटर साइकिल।

2—01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस आदि।

## <u>जनपद बागपत/थाना बडौत</u>

- **03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 15 दो पहिया वाहन**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस आदि बरामद**

दिनांक 01.02.2025 को थाना बडौत पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर 03 अभियुक्तों 1—अंकुर 2—शुभम 3—सचिन को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 15 दो पहिया वाहन, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस आदि बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना बडौत पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–अंकुर निवासी ग्राम लुहारी थाना बड़ौत जनपद बागपत।

2–शुभम निवासी ग्राम लुहारी थाना बड़ौत जनपद बागपत।

3–सचिन निवासी छोटी शामली थाना झिंझाना जनपद शामली।

**बरामदगी**

1–चोरी की 15 दो पहिया वाहन।

2–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस आदि।

## जनपद महोबा/थाना श्रीनगर

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 50 लाख रूपये कीमत की 675 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब**
- **01 ट्रक आदि बरामद**

दिनांक 01.02.2025 को थाना श्रीनगर, आबकारी व जीएसटी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर सूरा चौराहा के पास से अभियुक्त राजदीप को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से लगभग 50 लाख रूपये कीमत की 675 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब, 01 ट्रक आदि बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना श्रीनगर पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–राजदीप निवासी गुरूनानक नगर थाना डावा जनपद लुधियाना पंजाब।

**बरामदगी**

1–लगभग 50 लाख रूपये कीमत की 675 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब।

2–01 ट्रक आदि।

## जनपद चन्दौली/थाना अलीनगर

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 16 लाख रूपये कीमत की 149 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब**
- **01 डीसीएम वाहन बरामद**

दिनांक 02.02.2025 को थाना अलीनगर व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर पचफेड़वा के पास से अभियुक्त 1–सचिन 2–मस्कोले को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से लगभग 16 लाख रूपये कीमत की 149 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब, 01 डीसीएम वाहन बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना अलीनगर पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–सचिन निवासी गनेशगंज थाना सीटी कोतवाली जनपद खण्डवा मध्यप्रदेश।

2–मस्कोले निवासी गनेशगंज थाना सीटी कोतवाली जनपद खण्डवा मध्यप्रदेश।

**बरामदगी**

1–लगभग 16 लाख रूपये कीमत की 149 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब।

2–01 डीसीएम वाहन।

## जनपद उन्नाव/थाना गंगाघाट

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 12 लाख रूपये कीमत के 25 किलो 400 ग्राम अवैध गांजा बरामद**

दिनांक 02.02.2025 को थाना गंगाघाट पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर गंगापुल के पास से अभियुक्त रवि को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से लगभग 12 लाख रूपये कीमत के 25 किलो 400 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना गंगाघाट पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–रवि निवासी मिश्रा कॉलोनी थाना गंगाघाट जनपद उन्नाव।

**बरामदगी**

1–लगभग 12 लाख रूपये कीमत के 25 किलो 400 ग्राम अवैध गांजा।

————————